

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



भारतीय रेल
गुजरात की प्रगति का दमदार इंजन
त्वरित विकास एवं तेज गति से उन्नति की ओर बढ़ते कदम

2014 - वर्तमान*









*31 मार्च 2021 तक

गुजरात की प्रगति के साथ निरंतर कदमताल


























देश को गति रेल से
और प्रगति भी रेल से



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

गुजरात की प्रगति के साथ निरंतर कदमताल



निरंतर विकास से उन्नति की ओर बढ़ते कदम

भारतीय रेल ने गुजरात के सामाजिक - आर्थिक विकास और उन्नति में अहम योगदान दिया है। यह गुजरात के औद्योगिक भावना को प्रेरणा प्रदान करती है और राज्य के विकास के दमदार इंजन के रूप में एक मिसाल पेश करती है। भारतीय रेल ने इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास, माल परिवहन, संरक्षा, सुरक्षा, अन्वेषण और गतवर्षों में कई क्षेत्रों में कई उपलब्धियाँ हासिल की है।

आज हमारा देश कोविड-19 जैसी महामारी से जूझ रहा है। कोविड के कारण आर्थिक गतिविधि काफी प्रभावित हुआ है। भारतीय रेल ने इस कठिन समय में भी इंफ्रास्टक्चर में सुधार कार्यों को अंजाम देकर, प्रवासी श्रमिकों को उनके घरों तक पहुंचाकर, आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई चैन को बनाए रखने के लिए माल और पार्सल ले जाकर, किसानों के जल्द खराब होने वाले कृषि उत्पादों को अविलंब अंतर्राज्यीय बाजारों तक पहुंचाने के लिए किसान रेल ट्रेनें चलाकर विकास के पहिये को चलायमान रखा है। और अब हाल ही में, भारतीय रेल ने लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन के परिवहन के लिए ऑक्सीजन एक्सप्रेस ट्रेनें भी चलाना शुरू कर दिया है, जो कि कोविड के उपचार में एक महत्वपूर्ण घटक है। आर्थिक गतिविधियों के धीरे-धीरे खुलने के साथ, रेलवे गुड्स और पार्सल के तेज और विश्वसनीय परिवहन के माध्यम से उद्योगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा कर रहा है।

भारतीय रेलवे इस महामारी के दौरान अपने रेलकर्मियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य का ख्याल रख रही है। रेलवे अपने रेलकर्मियों और यात्रियों द्वारा जागरूकता फैलाने और कोविड उपयुक्त व्यवहार सुनिश्चित करने के साथ ही रेलकर्मियों के साथ-साथ आम लोगों को सभी चिकित्सा सहायता प्रदान कर रहा है। हमने रेल डिब्बों को कोविड केयर कोच में बदल दिया है और कोविड मरीजों के इलाज के लिए राज्य सरकारों को उपलब्ध कराया है। मेडिकल और पैरामेडिकल स्टाफ, आरपीएफ कर्मियों के साथ-साथ फ्रंटलाइन स्टाफ को भी कोविड वैक्सीन दी गई है। सभी पात्र कर्मचारियों को रक्षा-कवच प्रदान करने हेतु विभिन्न स्थानों पर टीकाकरण केंद्र भी स्थापित किए गए हैं।


भारतीय रेल ने इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास और अपने यात्री सुविधाओं और सेवाओं में सुधार के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किये हैं। रेलवे ने देशभर में विकास को गति को जारी रखने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। भारतीय रेल की गुजरात में उल्लेखनीय उपलब्धियों में से एक प्रतापनगर-डभोई-केवड़िया रेल खंड का चालू होना है जो स्टैच्यू ऑफ यूनिटी - दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा को निर्बाध रेल संपर्क प्रदान करता है। नव अवधारणा पर आधारित ट्रेनें, ट्रेनों की गति को बढ़ाना, क्षमता में वृद्धि इत्यादि के साथ-साथ माल परिवहन को बढ़ाने के लिए कई सुविधाएँ एवं प्रोत्साहन प्रदान करने के विभिन्न उपायों को क्रियान्वित किया जा रहा है। सभी क्षेत्रीय मुख्यालयों और मंडलीय इकाइयों में बहु-विषयक बिजनस डेवलपमेंट यूनिट (बीडीयू) स्थापित की गई हैं। बीडीयू का गठन रेल परिवहन और रसद व्यवसाय को टैप करने के लिए एक बिजनेस-माइंडेड दृष्टिकोण को बढ़ावा देने की दिशा में एक तार्किक कदम है। इसका उद्देश्य मौजूदा और संभावित ग्राहकों तक बेहतर पहुंच बनाना और अनुकूलित पैकेज के साथ आता है।

भारतीय रेल सबसे विपरीत परिस्थितियों में भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रभाव देने का प्रयास कर रहा है और कई अभूतपूर्व चुनौतियों के साथ-साथ इसके रास्ते में आने वाली बाधाओं को पार करके यात्रा करना जारी रखता है। उत्कृष्टता की तलाश हमेशा रेलवे और रेलकर्मियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और साल दर साल महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रेरित करती है।

आलोक कंसल
महाप्रबंधक, पश्चिम रेलवे

गुजरात के लिए बजट परिव्यय में वृद्धि

वार्षिक औसत बजट परिव्यय		
2009 - 14	2014 - 21	% वृद्धि
₹ 589 करोड़	₹ 3,749 करोड़	537%



वित्तीय वर्ष 2021-22 के बजट के प्रमुख बिंदु

- कुल परिव्यय ₹ 4,484 करोड़ (661% अधिक)
- 2009-14 में औसत वार्षिक परिव्यय ₹ 589 करोड़ था

गुजरात की प्रगति के साथ निरंतर कदमताल

नई रेल लाइन परियोजनाएँ

पूर्ण की जा चुकी नई रेल परियोजनाएँ : 121 किमी

- पाटन - भिलड़ी
- छोटा उदेपुर - मोटी सादली
- टूना पोर्ट से कनेक्टिविटी
- मोटी सादली - अलीराजपुर (गुजरात में 5 किमी.)
- चांदोद - केवड़िया

नई रेल परियोजनाएँ प्रगति पर : 136 किमी


- भीमनाथ - धोलेरा
- दाहोद - इंदौर (गुजरात में 23 किमी)
- सोमनाथ - कोडिनार
- मोडासा - शामलाजी
- नलिया - वायोर
- भीलड़ी बाईपास
- तारंगा हिल - आबू रोड वाया अंबाजी



चांदोद-केवड़िया खंड में ओरसंग ब्रिज पर दौड़ रही ट्रेन

दोहरीकरण, तीसरी एवं चौथी लाइन परियोजना

दोहरीकरण का कार्य फास्ट ट्रैक पर



पूर्ण की जा चुकी परियोजनाएँ : 412 किमी

- उधना - नवापुर - जलगाँव
- विरमगाम - सुरेन्द्रनगर
- विरमगाम - सामाख्याली
- सुरेन्द्रनगर - दिगसर
- भीलडी - दीओदर
- सामाख्याली - कीडीयानगर
- राधनपुर - वराही
- वटवा - मणिनगर (वटवा - अहमदाबाद तीसरी लाइन)
- पालनपुर - श्री आमिरगढ़ - आबू रोड

परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर : 547 किमी

- मणिनगर - अहमदाबाद (वटवा - अहमदाबाद तीसरी लाइन)
- उधना - सूरत तीसरी लाइन
- वधर्व - मालिया 'ए' - मालिया 'बी'
- दीगसर - राजकोट
- वराही - वाघपुरा
- चंड़ीसर - भीलडी
- राधनपुर - देवगाम - भाभर - मीठा - दीओदर
- चंड़ीसर - पालनपुर
- कीडीयानगर - पदमपुर - भीमासर - आडेसर - लखपत
- लखपत - पिपराला - गरामडी - सांतलपुर - छाणसरा - वाघपुरा
- राजकोट - कानालुस रेल खंड का दोहरीकरण
- आनंद - गोधरा रेल खंड का दोहरीकरण
- महेसाणा - पालनपुर रेल खंड का दोहरीकरण
- भटिंडा - भिलड़ी रेल खंड का दोहरीकरण
- जेठी - करजोदा

गुजरात की प्रगति के साथ निरंतर कदमताल

गेज परिवर्तन परियोजनाएँ

पूर्ण की जा चुकी गेज परिवर्तन परियोजनाएँ : 227 किमी

- अहमदाबाद - हिम्मतनगर
- साबरमती - कलोल
- न्यू भुज - देशलपुर
- महेसाणा - वडनगर - वरेठा
- डभोई - चांदोद
- कलोल - महेसाणा

गेज परिवर्तन परियोजनाएँ प्रगति पर : 518 किमी

- अहमदाबाद - बोटाद
- डांगरवा - महेसाणा
- देशलपुर - नलिया
- वडनगर - वरेठा
- मियागम कर्जन - डभोई - समलाया
- ढसा - जेतलसर
- कटोसन रोड - चनासमा



प्रमुख विद्युतीकरण के कार्य

पूरे किये गये विद्युतीकरण कार्य

रूट किलोमीटर (TKM)

157 TKM



2009 - 2014

1082 TKM



2014 - 2021

589% औसत वार्षिक वृद्धि

पूर्ण की जा चुकी परियोजनाएँ

- उधना - नवापुर
- साबरमती - कलोल - महेसाणा - पालनपुर के साथ गांधीनगर - कलोल
- अहमदाबाद - साणंद - जखवाडा - विरमगाम
- राजकोट - हापा
- महेसाणा - विरमगाम
- महेसाणा - वडनगर
- सुरेन्द्रनगर - धोला
- सुरेन्द्रनगर - ध्रांगध्रा
- विरमगाम - सुरेन्द्रनगर
- वडनगर - वरेठा
- ढोला - दामनगर - सावरकुंडला
- विश्वामित्री - डभोई - केवड़िया नई लाइन
- हापा - कानालुस - भाटिया, सिक्का
- सावरकुंडला - पीपावाव
- डभोई - बोडेली
- आणंद - खंभात
- मावल - पालनपुर

परियोजनाएँ प्रगति पर

- सुरेन्द्रनगर - राजकोट
- वांकानेर - मोरबी - मालिया मियाना
- लुसादिया - हिम्मतनगर

गुजरात की प्रगति के साथ निरंतर कदमताल

प्रमुख विद्युतीकरण के कार्य

- 2020-21 के दौरान गुजरात में रिकॉर्ड 447 रूट किलोमीटर रेल खंड का विद्युतीकरण किया गया
- डभोई-बोडेली एवं आणंद-खंभात खंडों का विद्युतीकरण कार्य स्वीकृति की तिथि से मात्र 7 माह में पूर्ण
- एक ही बार में 150 रूट किमी लंबे सुरेन्द्रनगर - बोटाद - धोला खंड का विद्युतीकरण किया गया
- 2021-22 में गुजरात में 1297 किमी खंड के विद्युतीकरण का लक्ष्य है







सरेन्द्रनगर - बोटाद - धोला में विद्युतीकरण कार्य

भारतीय रेल ने उच्चतम ओवरहेड इक्विपमेंट के साथ विद्युतीकृत खंड पर डबल स्टेक कंटेनर परिचालित कर बनाया विश्व रिकॉर्ड

- हाई राइस ओवरहेड इक्विपमेंट क्षेत्र में हाई राइस पेंटोग्राफ के साथ डबल स्टेक कंटेनर चलाने में प्रथम
- 7.57 मीटर हाई कॉन्टॅक्ट वायर से बना पहला हाई राइस ओएचई, विश्व में सबसे ऊँचा ओएचई
- 10 जून 2020 को गुजरात के पालनपुर और बोटाद के बीच (लगभग 275 किमी का खंड) इस ट्रेन की पहली ट्रिप हुई रवाना
- इसके साथ भावनगर और राजकोट मंडलों में इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन की हुई शुरुआत
- ईधन की खपत में प्रति वर्ष ₹100 करोड़ से अधिक की बचत



गुजरात की प्रगति के साथ निरंतर कदमताल

स्टेशन का पुनर्विकास और सौंदर्यीकरण



नया पुनर्विकसित भावनगर टर्मिनस स्टेशन



नया पुनर्निर्मित वडोदरा स्टेशन

- राजकोट, भावनगर, वडोदरा और वलसाड स्टेशनों में मामूली सुधार कार्य। अहमदाबाद स्टेशन पर भी यह कार्य जारी है
- साबरमती और उधना स्टेशनों को पुनर्विकसित करने की योजना है



साबरमती स्टेशन का कलात्मक स्वरूप



उधना स्टेशन का कलात्मक स्वरूप

स्टेशन का पुनर्विकास और सौंदर्यीकरण



नया पुनर्निर्मित वडनगर स्टेशन

- 1,302 वर्ग मी. क्षेत्रफळ तथा 2,444 वर्ग मी. परिसंचरण क्षेत्र में वडनगर स्टेशन की नई स्टेशन बिल्डिंग बनाई गई है
- स्वदेश दर्शन स्कीम के अंतर्गत वडनगर - मोढेरा - पाटन हेरिटेज सर्किट पर वडनगर स्टेशन को विकसित किया गया है

भारतीय रेल और गुजरात राज्य के बीच ज्वाइंट वैंचर

- राज्य में रेल इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए नई कंपनी गुजरात रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट लिमिटेड (G-RIDE) का गठन
- इसमें शामिल है :
  - अहमदाबाद और अन्य शहरों के चारों ओर रीजनल रेल सिस्टम
  - अहमदाबाद और धोलेरा के बीच मेट्रो / हाई स्पीड रेल
  - कटोसन रोड - चनासमा - रानुज खंड का गेज परिवर्तन
  - गुजरात सरकार की प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित अन्य रेल परियोजनाएँ

गुजरात की प्रगति के साथ निरंतर कदमताल

छायापुरी में नया सैटेलाइट स्टेशन

- वडोदरा के निकट एक नया सैटेलाइट स्टेशन छायापुरी बनाया गया है
- वडोदरा - अहमदाबाद और वडोदरा - रतलाम रेल लाइन के बायपास कोर्ड कनेक्शन पर स्थित
- वडोदरा शहर को सेवा प्रदान करने के लिए सैटेलाइट स्टेशन के रूप में विकसित किया गया है
- अहमदाबाद - रतलाम खंड की ट्रेनें अब वाया छायापुरी स्टेशन परिचालित हो रही है
- इससे वडोदरा स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ में कमी आयेगी
- इस खंड पर और ट्रेनों की शुरुआत करने में मदद मिलेगी
- छायापुरी स्टेशन के आसपास के क्षेत्रों के विकास को गति मिलेगी
- वडोदरा स्टेशन पर ट्रेनों को रिवर्स करने से निजात मिलेगी
- वडोदरा में 4 क्रिटिकल रेलमार्गों के फ्री होने से मोबिलिटी और पंक्च्युलिटी में सुधार होगा
- वडोदरा रेलवे स्टेशन के आसपास वेहिकल ट्रैफिक के जमाव में कमी आयेगी

नव विकसित छायापुरी स्टेशन



वडोदरा में भारत के पहले राष्ट्रीय रेल एवं परिवहन संस्थान की स्थापना



वडोदरा में भारत के पहले राष्ट्रीय रेल एवं परिवहन संस्थान की स्थापना

- भारतीय रेल आधुनिकता के पथ पर आगे बढ़ रही है
- दक्ष श्रम शक्ति के संसाधन पूल का निर्माण
- दो अंडर ग्रेज्युएट कोर्स की शुरुआत - ट्रान्सपोर्टेशन टेक्नोलॉजी में बी.एससी. एवं ट्रान्सपोर्टेशन मेनेजमेंट में बी.बी.ए.
- 2020 से पोस्ट ग्रेज्युएट कोर्स की शुरुआत

गुजरात की प्रगति के साथ निरंतर कदमताल

भारत के लौह पुरुष को रेलवे का नमन

स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक रेल कनेक्टिविटी



केवड़िया स्टेशन पर
स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की प्रतिकृति

- ब्रॉड गेज लाइन के माध्यम से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी को रेल कनेक्टिविटी प्रदान की गई
- शामिल परियोजना
  - > डभोई और चांदोद के बीच गेज परिवर्तन - **18 किमी**
  - > चांदोद और केवड़िया के बीच नई लाइन - **32 किमी**
  - > प्रतापनगर और केवड़िया के बीच विद्युतीकरण - **80 किमी**
- 17/01/2021 को माननीय प्रधान मंत्री द्वारा परियोजना का उद्घाटन
- केवड़िया के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से 10 ट्रेनें शुरू
- भूमि अधिग्रहण जुलाई, 2020 में पूरा किया गया और परियोजना को रिकॉर्ड समय में पूरा करने के लिए फ़ास्ट ट्रैक किया गया
- विस्तारित मानसून अवधि और कोविड -19 जैसी बाधाओं पर काबू पाया गया और परियोजना समय से पहले पूरी की गई
- तेजी से निष्पादन के लिए उपयोग की जाने वाली आधुनिक अभिनव इंजीनियरिंग तकनीक और उपकरण
- केवड़िया स्टेशन शुरू से ही एक **ग्रीन स्टेशन** बिल्डिंग है - भारतीय रेल पर पहली बार और इसके उद्घाटन के दिन से अस्थायी प्लेटिनम रेटिंग प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है।
- स्टेशन की इमारत के सामने के मैदान में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की **12 फीट** की एक प्रतिकृति स्थापित की गई है
- अहमदाबाद - केवड़िया जनशताब्दी एक्सप्रेस में एक ब्रॉड गेज एलएचबी **विस्टाडोम कोच** शुरू की गई

केवड़िया स्टेशन - ग्रीन स्टेशन बिल्डिंग



विश्वस्तरीय रेलवे स्टेशन का निर्माण



माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी गांधीनगर कैपिटल रेलवे स्टेशन के माडल को देखते हुए

- गांधीनगर कैपिटल स्टेशन को विश्वस्तरीय स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है
- भारत का पहला ऐसा रेलवे, स्टेशन जहाँ आपको आधुनिक एयरपोर्ट जैसी आधुनिक सुविधाएँ मिलेगी
- रेल मंत्रालय की ओर से गांधीनगर रेलवे तथा शहरी विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड (GARUD) के नाम पर गुजरात राज्य सरकार और भारतीय रेलवे स्टेशन विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड (IRSDC) के बीच स्पेशल परपज वेहिकल (SPV) के निर्माण के ज़रिये पुनर्विकास

अत्याधुनिक रेलवे स्टेशन की विशेषताएँ

- आगमन और प्रस्थान के यात्रियों के लिए अलग व्यवस्था
- दिव्यांग मित्रवत
- फूड स्टॉल, बुक स्टॉल, दुकानें इत्यादि यात्री सुविधाओं का प्रावधान
- 1000 कारों, 200 टू-व्हीलर और 100 ऑटो रिक्शा को पार्क करने की सुविधा
- प्रार्थना कक्ष, प्राथमिक उपचार कक्ष, नैविगेशन और यात्री सूचना को सरल बनाने के लिए सूचना पट्ट का प्रावधान



गुजरात की प्रगति के साथ निरंतर कदमताल

भारत की पहली बुलेट ट्रेन : अहमदाबाद - मुंबई हाई स्पीड ट्रेन



- **गति** : यात्रा समय में कमी, 8 घंटे के मुकाबले लगभग 2 घंटे की यात्रा
- **संरक्षा** : पिछले 50 सालों में रिकॉर्ड शून्य दुर्घटना और 1 मिनट से भी कम विलंब के लिए जानी जाने वाली जापानी शिंकनसेन तकनीकी का प्रयोग
- **अफोर्डिबिलिटी** : बहुत ही कम ब्याज दर पर जापान सरकार द्वारा वित्त पोषित
- **रोजगार संभावनाएँ** : निर्माण फेज़ में ही 90,000 लोगों के लिए रोजगार पैदा करेगा
- **लक्ष्य** : आर्थिक विकास के लिए हब का निर्माण
- **उद्घाटन** : 14 सितम्बर, 2017 के भव्य समारोह के बाद कार्य की शुरुआत
- **विजन** : बुलेट ट्रेन टेक्नोलॉजी में भारत को लीडर बनाना



वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर - राष्ट्र निर्माण की ओर कदम

- भारत के पश्चिमी भाग में जवाहरलाल नेहरू पोर्ट (जेएनपीटी) से दादरी को जोड़ता हुआ फ्रेट मूवमेंट के लिए डेडीकेटेड 1,504 किमी लंबा डबल लाइन इलेक्ट्रिक ट्रैक
- कॉरिडोर का कुल 565 किमी लंबा खंड गुजरात राज्य से गुजरता है
- इकबालगढ़ - वडोदरा - सूरत खंड पर जमीनी कार्य, 54 प्रमुख पुलों तथा 88 सड़क ऊपरी पुलों का कार्य युद्धस्तर पर
- परियोजना को जून, 2022 तक पूरा करने का लक्ष्य
- डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर गुड्स ट्रेनों के शिफ्ट होने से वर्तमान लाइन पर अतिरिक्त कैपिसिटी मिलने से और यात्री ट्रेनें चलाई जा सकेंगी
- गुजरात एवं अन्य राज्यों के औद्योगिक विकास को गति प्रदान करेगा



काम कर रही एनटीसी मशीन की ड्रोन की सहायता से मॉनिटरिंग





माही पुल का निर्माण जारी है

गुजरात की प्रगति के साथ निरंतर कदमताल

स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं का अपग्रेडेशन



वलसाड स्टेशन पर नया रिनोवेटेड वेटिंग हॉल



खंभालिया स्टेशन पर नये प्लेटफॉर्म का उद्घाटन

- अहमदाबाद - मुंबई कर्णावती एक्सप्रेस तथा डबल डेकर ट्रेन में ऑन-बोर्ड शॉपिंग की सुविधा
- अहमदाबाद - मुंबई शताब्दी एक्सप्रेस के अनुभूति कोच में लाइब्रेरी ऑन व्हील की शुरुआत
- दिव्यांग यात्रियों के लिए ऑनलाइन PRS टिकट बुकिंग की सुविधा हेतु विशेष आई डी कार्ड
- 4 स्टेशनों पर 7 बैटरी से चलने वाले कार की सुविधा
- 101 वाटर वेंडिंग मशीनें लगाई गई
- सूरत स्टेशन पर इमरजेंसी मेडिकल रूम खोला गया



अहमदाबाद स्टेशन पर IRCTC लाऊन्ज



द्वारका स्टेशन पर लिफ्ट लगाई गई



वलसाड स्टेशन पर रिनोवेटेड आरक्षण केंद्र



4 स्टेशनों पर 7 बैटरी से चलने वाले कार की सुविधा

स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं का अपग्रेडेशन



465 नये टॉयलेट ब्लॉक बनाये गये



5901 बेंचें उपलब्ध कराई गईं



पेय जल के लिए 2934 टोटियाँ उपलब्ध कराई गईं



25 एस्केलेटर उपलब्ध कराये गये



325 रैम्प बनाये गये



61 लिफ्ट चालू की गई

- 39 रिटायरिंग रुम उपलब्ध कराये गये / अपग्रेड किये गये
- 38 नये बुकिंग ऑफिस उपलब्ध कराये गये
- 110 स्टेशनों पर हवाई अड्डे जैसी रोशनी की व्यवस्था की गई है

गुजरात की प्रगति के साथ निरंतर कदमताल

स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं का अपग्रेडेशन



202 कवर शेड का निर्माण किया गया



राजकोट स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नं. 2 एवं 3 पर दिव्यांगों के लिए टॉयलेट ब्लॉक बनाया गया



89 पैदल ऊपरी पुलों का निर्माण किया गया



नया रिडेवलप किया गया वातानूकुलित प्रतीक्षालय



101 वॉटर वेंडिंग मशीनें लगाई गई



55 प्रतीक्षालय उपलब्ध कराये गये / अपग्रेड किये गये

यात्री सुविधाओं का अपग्रेडेशन

- भुज कोचिंग डिपो में मेन लाइन डिब्बों के लिए ऑटोमेटिक कोच वॉशिंग प्लांट
- वडोदरा के मेमू कारशेड में ऑटोमेटिक कोच वॉशिंग प्लांट
- शीघ्र ही गांधीधाम, साबरमती, वलसाड और उधना कोचिंग डिपो में लगाये जायेंगे
- सूरत, अहमदाबाद, दाहोद और राजकोट स्टेशनों पर क्विक ट्रेन वॉटरिंग सिस्टम का प्रावधान
- जामनगर स्टेशन पर पानी की सुविधा का प्रावधान



सूरत में क्विक ट्रेन वॉटरिंग प्लांट



वडोदरा मेमू कारशेड में स्वचालित कोच वॉशिंग प्लांट

गुजरात की प्रगति के साथ निरंतर कदमताल

संरक्षा और मोबिलिटी को सर्वोच्च प्राथमिकता

- संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 56 नये प्लेटफॉर्म
- यात्रियों की मूवमेंट तथा प्लेटफॉर्म पर लंबी दूरी के ट्रेनों के ठहराव को सुगम बनाने के लिए 121 प्लेटफॉर्मों का विस्तार तथा 167 प्लेटफॉर्मों की ऊंचाई को बढ़ाना
- बेहतर ट्रेन परिचालन के साथ-साथ समयपालनता और संरक्षा में वृद्धि के लिए 137 स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली का प्रावधान
- 179 स्थायी गतिरोधकों सहित 272 मोबिलिटी रोधकों को हटाना
- मुंबई-सूरत-वडोदरा-दिल्ली सेक्शन और मुंबई-वडोदरा-अहमदाबाद खंड पर ट्रेनों की गति 130 किमी प्रति घंटे तक बढ़ा दी गई है। आगे, इन खंडों पर गति को बढ़ाकर 160 किमी प्रति घंटे किया जाएगा।



डभोई जं. स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग

समपारों को हटाना

- 31 अक्टूबर, 2018 तक ब्रॉड गेज पर सभी मानव रहित समपार फाटकों को बंद कर दिया गया

क्र.सं.	कार्य का विवरण	अवधि (2014-मार्च, 21)
1	निर्मित सड़क ऊपरी पुल	80
2	निर्मित सड़क निचला पुल / लिमिटेड हाइट सब-वे	552
3	बंद किये गये समपार फाटक / मानवरहित समपार फाटक	1199
4	बंद किये गये मानव सहित समपार फाटक	304



मानव रहित समपार फाटकों के स्थान पर लिमिटेड हाइट सबवे बनाए गए




नवकार्यान्वित डभोई-केवड़िया खंड पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण

सड़क ऊपरी पुलों (आरओबी) / सड़क निचले पुलों (आरयूबी) के निर्माण को बढ़ाया गया

सड़क ऊपरी पुलों का निर्माण



सड़क निचले पुलों का निर्माण



गुजरात की प्रगति के साथ निरंतर कदमताल

सुरक्षा को पुख्ता करना



कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग करता हुआ रेल सुरक्षा बल कर्मी

- 21 स्टेशनों पर 557 सीसीटीवी कैमरे लगाये गये
- 95 स्टेशनों पर रेल सुरक्षा बल कर्मियों को बॉडी कैमरा उपलब्ध कराया गया
- रेल सुरक्षा बल कर्मियों को 10 सैगवे उपलब्ध कराया गया
- 9 स्टेशनों पर बैगेज़ स्कैनर लगाये गये



डिजिटल तकनीक के साथ आगे बढ़ना





313 स्टेशनों पर वाई-फाई की सुविधा



इलेक्ट्रॉनिक ट्रेन चार्टिंग डिस्प्ले सिस्टम

- 313 स्टेशनों पर वाई-फाई की सुविधा प्रदान की गई
- 22 स्टेशनों पर रिटायरिंग रूम की ऑनलाइन बुकिंग
- 22 स्टेशनों पर कोच गाइडेंस प्रणाली उपलब्ध कराई गई
- यात्रियों की सुविधा के लिए कई हेल्प लाइन नंबरों को एकीकृत कर रेल मदद एप की शुरुआत की गई





गो ग्रीन पर्यावरण मित्रवत कदम के ज़रिये पर्यावरण की रक्षा

- 2015 से ओपन एक्सेस के माध्यम से पावर का उपयोग करते हुए बिजली बिल में ₹ 444 करोड़ की बचत की गई
- आंबली रोड और साधनापुरा स्टेशनों को ग्रीन स्टेशन घोषित किया गया
- 34 स्टेशनों को आईएसओ 14001 ईएमएस प्रमाणन मिला
- प्रतापनगर कारखाना और वडोदरा रेलवे स्टेशन को गोल्ड ग्रीन रेटिंग प्रमाणन मिला
- पश्चिम रेलवे के सभी ट्रेनों में बॉयो टॉइलेट लगाये गये
- 71 ट्रेनों में ऑन बोर्ड हाऊसकीपिंग सेवा (OBHS) की सुविधा उपलब्ध कराई गई तथा 14 ट्रेनों और 40 स्टेशनों के लिए क्लीनिंग कॉन्ट्रैक्ट किया गया
- सभी स्टेशनों पर LED बल्ब लगाये गये
- गांधीधाम और अहमदाबाद स्टेशनों पर रिसाइकल प्लास्टिक बेंचें लगायी गईं
- 2302.20 किलो वाट पावर क्षमता का सोलर प्लांट लगाया गया
- 45 प्लास्टिक बॉटल क्रशिंग मशीनें लगाई गईं
- 33.70 लाख से अधिक पौधे लगाये गये
- 15 स्टेशनों पर नर्सरी विकसित की गई
- 11 लोकेशनों पर इफ्ल्युएंट ट्रीटमेंट प्लांट लगाये गये
- प्रतापनगर कोचिंग डिपो में वॉटर रिसायकलिंग प्लांट लगाये गये
- वडोदरा के प्रतापनगर में बायो डिग्रेडिबल सॉलिड वेस्ट एंड बायोटेक वर्मी कंपोस्टिंग मशीन लगाया गया
- वडोदरा, गांधीधाम और अहमदाबाद में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट लगाया गया
- अहमदाबाद और ध्रांगध्रा रनिंग रूम तथा भावनगर में भी कंपोस्टिंग मशीन लगायी गयी
- अहमदाबाद स्टेशन को क्लीन ट्रेन स्टेशन के रूप में नॉमिनेट किया गया है
- 23 स्टेशनों पर सफाई गतिविधियों की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे



राजकोट स्थित सोलर प्लांट



मकरपुरा स्टेशन पर LED लाइटें लगाई गई



PRS काउंटरों की मैकेनाइज्ड क्लीनिंग

महामारी के खिलाफ़ जंग

श्रमिक स्पेशल ट्रेनें : मिशन घर वापसी

- रेलवे ने मानवीय पहल करते हुए श्रमिकों को उनके घर तक पहुँचाने के लिए श्रमिक स्पेशल ट्रेनें चलाई
- 1026 श्रमिक स्पेशल ट्रेनें गुजरात से रवाना हुई
- 15.30 लाख श्रमिकों को 34 स्टेशनों से उनके होम टॉउन भेजा गया
- उत्तर प्रदेश, बिहार, ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित 24 राज्यों के लिए श्रमिक स्पेशल ट्रेनें चलाई गईं
- जिनसे 150 से ज्यादा शहरों और टॉउनों को जोड़ा गया
- गैर सरकारी संगठनों तथा रेल कर्मियों की सक्रिय भागीदारी से ट्रेनों और स्टेशनों पर 7 लाख से अधिक लोगों को भोजन उपलब्ध कराया गया





अप्रैल, 2020 - मार्च, 2021 के दौरान फ्रेट सम्बंधी उपलब्धियाँ

- 64.20 मिलियन टन का माल लदान
- पश्चिम रेलवे की कुल लोडिंग का 80% गुजरात राज्य से
- फ्रेट ट्रेनों ने अधिकतम गति 41.8 किमी/घंटा हासिल की
- गुजरात राज्य से मालगाड़ियों के 30377 रेकों को ऑपरेट किया गया
- 14.64 मिलियन टन अत्यावश्यक सामग्री भेजी गई
- गुजरात से 558 पार्सल रेक चलाये गये
- मिल्क वैन के 184 रेकों के ज़रियें 1.35 लाख टन से अधिक दूध की रिकॉर्ड लोडिंग कर परिवहन किया गया
- अमलसाड, धोराजी और महुवा स्टेशनों से किसान ट्रेनें चलती हैं



अमलसाड स्टेशन पर लोड की जा रही किसान रेल ट्रेन



मिल्क वैन के 184 रेकों का परिवहन किया गया

गुजरात की प्रगति के साथ निरंतर कदमताल

बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट

- वडोदरा, अहमदाबाद, राजकोट तथा भावनगर मंडलों पर बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट का गठन किया गया
- 2024 तक फ्रेट यातायात को दुगुना करने का लक्ष्य
- पारंपरिक रूप से सड़क मार्ग से परिवहन की जाने वाली कमोडिटी को रेलवे की तरफ आकर्षित करना
- बिजनेस डेवलपमेंट यूनिटों ने बांग्लादेश के लिए दो फ्रेट ट्रेनों का परिचालन कर इतिहास रचा
- 6 साल के अंतराल के बाद ओपन वैगन में इंडस्ट्रियल सॉल्ट लोड किया गया
- ई-कॉमर्स की प्रतिष्ठित कंपनियों ने अपने पार्सल के परिवहन के लिए रेलवे के साथ साझेदारी की है

ट्रान्सपोर्ट की गई कमोडिटी

❖ प्याज़, एडिबल ऑयल, मछली ❖ कीटनाशक ❖ ऑरगेनिक खाद ❖ क्लॉथ मेटेरियल्स
❖ रासायनिक डाई ❖ ऑटो कल-पुर्जे ❖ हार्डवेयर सामग्री ❖ किचन का सामान









पार्सल ट्रेनों में आवश्यक वस्तुओं की लोडिंग और माल और कंटेनरों का परिवहन

गुडस् शेडों में सुधार कार्य

5 गुड्स शेडों को इम्प्रूव किया गया

❖ नडियाद गुड्स शेड ❖ राजकोट गुड्स शेड ❖ गांधीधाम गुड्स शेड
❖ आदरी रोड गुड्स शेड ❖ वलसाड गुड्स शेड

निम्न को बेहतर बनाने के लिए विशेष जोर दिया गया

❖ अप्रोच रोड्स ❖ प्लेटफॉर्म सरफेस ❖ लाइटिंग ❖ लेबर फैसिलिटी
❖ कवर शेड रिपेअर ❖ सर्क्युलेटिंग एरिया इत्यादि



पहले



बाद में

गांधीधाम गुड्स शेड



पहले



बाद में

नडियाद गुड्स शेड



पहले



बाद में

वलसाड गुड्स शेड

गुजरात की प्रगति के साथ निरंतर कदमताल

माल यातायात के लिए नये टर्मिनल

नये गुड्स शेड

❖ बिलिमोरा ❖ करम्बेली ❖ उधना न्यू गड्स शेड
❖ कपडवंज ❖ चम्पानेर ❖ छोटा उदेपुर
❖ मियागाम कर्जन ❖ देशलपर ❖ हिम्मतनगर ❖ छारोडी
❖ भांडू-मोतीदाऊ ❖ देत्रोज ❖ शिरवा ❖ धोराजी

नई प्राइवेट साइडिंग

❖ मैसर्स इरकॉन डीएफसी, अमलसाड ❖ मैसर्स एचपीसीएल, पिलोल
❖ मैसर्स डोमेस्टिक कंटेनर टर्मिनल, खोडियार ❖ मैसर्स ओरिएंटल फाऊंड्री प्राइवेट लिमिटेड
❖ मैसर्स गेटवे रेल फ्रेट लिमिटेड, विरमगाम

नये प्राइवेट फ्रेट टर्मिनल

❖ मैसर्स नवकार कॉर्पोरेशन लिमिटेड
❖ मैसर्स अहीर साल्ट एंड एलाइड प्रोडक्ट प्रा. लिमिटेड, शिरवा
❖ मैसर्स टोटल शिपिंग एंड लॉजिस्टिक्स प्रा. लिमिटेड
❖ मैसर्स शिव कैरियर रोडवेज प्रा. लिमिटेड, सुखपुर
❖ मैसर्स हस्ती पेट्रो केमिकल एंड शिपिंग लिमिटेड, साणंद
❖ मैसर्स कॉन्टिनेंटल वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन (न्हावा सेवा) लिमिटेड, जखवाडा



जखवाडा में प्राइवेट फ्रेट टर्मिनल

आत्मनिर्भर भारत

- विभिन्न रेलवे कारखानों में 2450 से अधिक PPE कवरऑल का इनहाउस निर्माण
- विभिन्न कारखानों एवं मंडलों पर 4500 लीटर से अधिक हैंड सैनिटायजर का उत्पादन
- विभिन्न कारखानों एवं मंडलों पर 77000 से अधिक रियूज़ेबल फेस कवर का इनहाउस निर्माण
- 244 नॉन एसी डिब्बों को आइसोलेशन कोच में रूपांतरित किया गया
- अहमदाबाद स्टेशन पर कॉन्टेक्टलेस थर्मल स्कैनर तथा लगेज सैनिटाइजिंग मशीन लगाई गई
- अहमदाबाद स्टेशन पर मास्क एवं सैनिटाइजर वेंडिंग मशीन लगाई गई
- रेलवे कर्मचारियों, उनके परिवारों के साथ-साथ आम जनता के लिए रेलवे अस्पतालों में कोविड टीकाकरण अभियान शुरू



पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक कोविड टीकाकरण लेते हुए







कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में सक्रिय प्रयास











साबरमती और चांदलोडिया स्टेशनों पर उपलब्ध कराए गए कोविड -19 मरीजों के इलाज के लिए कोविड केयर आइसोलेशन कोच

तेज गति से इंफ्रास्ट्रक्चर के कार्य

अहमदाबाद में सेंट्रलाइज्ड ट्रैक मशीन ओवरहालिंग वर्कशॉप (CPOH) शुरू की गई। यह पीओएच के लिए आने वाली ट्रैक मशीनों के पारवहन समय को काफी कम कर देगा और काम करने के लिए ट्रैक मशीनों की उपलब्धता बढ़ाने में मदद करेगा और इस प्रकार उत्पादकता और संरक्षा को बढ़ावा देगा।

गांधीधाम में जीई डीजल लोको शेड शुरू किया गया। जीई लोकोमोटिव को पश्चिम रेलवे पर अटेंड और मेंटेन किया जा सकता है, जिससे माल ढुलाई के लिए इंजनों की उपलब्धता में सुधार होगी।

वडोदरा में कार्यरत चल संपत्ति के बीयरिंग और पहियों में दोषों का पता लगाने के लिए रोलिंग स्टॉक (ओएमआरएस) प्रणाली की ऑनलाइन निगरानी

जंग के कारण रेल की पटरी के समय से पहले नवीनीकरण से बचने के लिए, साबरमती में रेल की पटरी के जिंक धातुकरण को सफलतापूर्वक पूरा करने वाला पहला रेलवे



गांधीधाम में शुरू की गई नई जीई डीजल लोको शेड

गुजरात की प्रगति के साथ निरंतर कदमताल

इंफ्रास्ट्रक्चर संबंधी कार्यों की गति में तेजी



वडोदरा और साबरमती यार्ड का रीमॉडलिंग



मुंबई सेंट्रल-गोधरा, रतलाम-नागदा और वडोदरा-अहमदाबाद खंड पर ट्रेनों की गति बढ़ाकर 130 किमी प्रति घंटा की गई



विरमगाम - सामाख्याली खंड के सादला - बजाना - जट पीपली खंड का दोहरीकरण



अहमदाबाद मंडल में रेल समपार के स्थान पर सड़क ऊपरी पुल के निर्माण के दौरान 66 मीटर ओपन वेब गर्डर स्थापित किया



गेज परिवर्तित महेसाणा - वडनगर पर लगभग 34 किमी खंड का विद्युतीकरण



छोटा उदेपुर - धार नई रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत 9.8 किमी लंबी अलिराजपुर - खांडला नई रेल लाइन का निर्माण



विरमगाम - सामाख्याली दोहरीकरण परियोजना का कार्य प्रगति पर



माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने प्रतापनगर-केवड़िया रेल परियोजना का वर्चुअली उद्घाटन तथा
देश के विभिन्न हिस्सों से 8 ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया



गुजरात के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री नितिनभाई पटेल अहमदाबाद-केवड़िया जन शताब्दी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाते हुए,
जिसे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअली हरी झंडी दिखाई गई

गुजरात की प्रगति के साथ निरंतर कदमताल



भारत के माननीय राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद, गुजरात के तत्कालीन राज्यपाल श्री ओम प्रकाश कोहली, गुजरात के माननीय मुख्यमंत्री श्री विजयभाई रुपाणी तथा माननीय रेल मंत्री श्री पीयूष गोयल के साथ केवड़िया स्टेशन के निर्माण की आधारशिला रखने के अवसर पर



माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तथा जापान के तत्कालीन प्रधानमंत्री शिंजो आबे अहमदाबाद - मुंबई हाई-स्पीड रेल के उद्घाटन के अवसर पर



माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी गांधीनगर रेलवे स्टेशन के रिडेवलपमेंट परियोजना की आधारशिला रखते हुए



माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तथा गुजरात के मुख्यमंत्री श्री विजय रुपाणी फ्रेट ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर
पाटन और भिलड़ी के बीच नई रेल लाइन का उद्घाटन करते हुए

आधुनिक तकनीक के बल पर उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ते कदम



रेल बढ़े देश बढ़े
rail badhe desh badhe

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

भारतीय रेल
INDIAN RAILWAYS

भारतीय रेल